प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159 वीं बैठक आयोजित

चित्तरंजन, 27.05.2925::

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के महाप्रबंधक कार्यालय भवन स्थित सभागार में आज 27 मई 2025 को श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के सम्मान में महाप्रबंधक सहित उपस्थित गणमान्य सभी अधिकारियों के द्वारा उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हिंदी साहित्य में सुमित्रानंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य इंजीनियर श्री रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे।

इस मौक़े पर राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए श्री सोमनाथ माजी,आरक्षी सुरक्षा विभाग को प्रथम,श्री विभूति प्रसाद निजी सचिव 2,यांत्रिक लोको को द्वितीय, सुश्री तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय को तृतीय और श्री साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग को प्रेरणा पुरस्कार स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है। विशेष रूप से उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रेरित करें ।

श्री कुमार,महाप्रबंधक के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों के प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।

सेवा में,
समाचार संपादक
जन - संपर्क विभाग द्वारा जारी.